श्री देव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय,
बादशाहीथौल, टिहरी गढ़वाल (उत्तराखण्ड)
Sri Dev Suman Uttarakhand University
Badshahithaul Tehri Garhwal (Uttarakhand) -249 199
Mail:registrarsdsu2018@gmail.com,
coesdsuv@gmail.com
Website: www.sdsuv.ac.in

Ref.No. 1672 /SDSUV/Conf./Exam/2024 Dated- 26.07.2024

कार्यालय ज्ञाप

एतद्द्वारा सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध परिसर/राजकीय महाविद्यालय/अशासकीय महाविद्यालय/स्ववित्त पोषित संस्थानों से सत्र 2012–13 से आतिथि स्नातक स्तर में बी०ए०/बी०एस०सी०/बी०कॉम उत्तीर्ण कर चुके ऐसे छात्र/छात्राऐं जोकि कतिपय कारणवश **पर्यावरण विज्ञान तथा एलिमेंन्ट्री बुक किपिंग** विषयों की परीक्षायें देने से वंचित रह गये हैं को मा० कुलपति महोदय के अनुमोदनोपरान्त अंतिम अवसर प्रदान करते हुये परीक्षायें माह अगस्त में विश्वविद्यालय वार्षिक पद्धति की बैक परीक्षाओं के साथ आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

उपरोक्त परीक्षा में सम्मलित होने हेतु संबंधित छात्र/छात्रायें अपने निकटतम परीक्षा केन्द्रों (जहॉ वार्षिक पद्धति में परीक्षायें आयोजित करायी जा रही हैं) पर निम्नांकित दस्तावेज संबंधित केन्द्रों पर जमा कराना सुनिश्चित करेंगेः–

1. अंतिम वर्ष की मूल अंकतालिका।
2. 500/– का बैंक ड्राफ्ट जोकि वित्त अधिकारी श्रीदेव सुमन उत्तराखण्ड विश्वविद्यालय/Finance Officer Sri Dev Suman Uttarakhand University के नाम से देय होगा।
3. प्रार्थना पत्र जिसमें की छात्र/छात्रा का नाम, रोल नं०, नामांकन संख्या, सत्र, पाठ्यक्रम एवं ड्राफ्ट संख्या का सम्पूर्ण विवरण लिखना अनिवार्य होगा।

अतः उपरोक्त समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 27.07.2024 से 06.008.2024 तक उपरोक्त परीक्षा हेतु अपने आवेदन संबंधित परीक्षा केन्द्रों पर जमा कराना सुनिश्चित करें साथ ही संबंधित परीक्षा केन्द्रों के प्राचार्यों/परीक्षा प्रभारियों से अनुरोध है कि उपरोक्त समस्त आवेदनों को ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्रों के साथ विश्वविद्यालय में निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें।

26/7/24

प्रो०(डॉ०)सी० एस० नेगी
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव कुलपति, मा० कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ।
2. सम्पादक अमर उजाला, दैनिक जागरण, हिन्दूस्तान को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त विज्ञप्ति को अपने सम्मानित समाचार पत्रों में व्यापक छात्रहित में निशुःल्क प्रसारित करने का कष्ट करें।
3. कुलसचिव।
4. वित्त अधिकारी।
5. प्राचार्य/निदेशक समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त सूचना को अपने स्तर से प्रसारित करने का कष्ट करें एवं उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
6. कार्यालय प्रति।

प्रो०(डॉ०)सी० एस० नेगी
परीक्षा नियंत्रक

Scanned with CamScanner